font>

Title: Need to improve telephone services in Bihar particularly in rural areas.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, जब से संचार निगम लिमिटेड ने बीएसएनएल को कार्य सौंपा है, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में केबल की आपूर्ति बंद कर दी गई है जिस की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में दूरभाा सेवा का विस्तार काफी बाधित हुआ है। ज्यादातर इलाकों में मोबाइल सेवा हेतु टावर लगाया जा रहा है जो प्रशंसनीय कार्य है परन्तु जिन केन्द्रों पर टावर लगाया जा रहा है वहां से देहाती इलाकों को दूरभाा की सुविधा प्राप्त होगी, इसकी संभावना क्षीण है। देश का उत्तर प्रदेश और बिहार जैसा पिछड़ा प्रान्त जहां बिजली की आपूर्ति नहीं है अथवा बहुत कम है, वहां मोबाइल सेवा सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही है क्योंकि बिजली के अभाव में मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहा है। वैसी स्थिति में एकमा प्रखंड का जमनपुरा बाजार, पन्नापुर प्रखंड का कोन भगवानपुर बाजार, भगवानपुर हाट प्रखंड का माधर बाजार, दारौंदा प्रखंड का बुर्जवां जलालपुर या रजनपुरा बाजार, महाराजगंज प्रखंड का किनरथू बाजार, नबीगंज प्रखंड का डुमरा बाजार, के अगल-बगल का इलाका दूरभाा सुविधा से बिल्कुल वंचित है। वहां के लोग वाĀ से दूरभाा कनैक्शन हेतु पैसा जमा किए हुए हैं परन्तु अगल-बगल एक्सचेंज नहीं होने के कारण दूरभाा कनैक्शन उपलब्ध कराना संभव नहीं हो रहा है। वैसी स्थिति में उपरोक्त स्थानों पर नया एक्सचेंज खोलने एवं बिहार के छपरा और सिवान जैसे पिछड़े जिलों में केबल की आपूर्ति सुचारू करने हेतु सरकार का ध्यान आकृट कर रहा हूं।